**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं.1899**

**28 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए**

**शहरों में निगरानी तंत्र**

**1899. डॉ. सुकान्त मजूमदार:**
**श्री विनोद कुमार सोनकर:**
**श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या):**
**श्री राजा अमरेश्वर नाईक:**
**श्री भोला सिंहः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पूरी दिल्ली में 186 एकड़ भूमि में फैले 253 लाख मीट्रिक टन कचरे के निपटान के लिए 776 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने दिल्ली सहित शहरों में किए जा रहे निगरानी तंत्र का अध्ययन करने के लिए एक स्वतंत्र एजेंसी को तैनात करने का प्रस्ताव किया है और ऐसे स्थलों पर उच्च गुणवत्ता वाली निगरानी को शामिल करने की सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) दिल्ली नगर निगम के अंतर्गत ओखला, गाजीपुर और भलस्वा क्षेत्रों में तीन पुराने पाटन क्षेत्र में कचरा निपटान व्यवस्था को दुरूस्त करने में क्या प्रगति हुई है; और

(च) सरकार द्वारा इस संबंध में अन्य कौन कौन से कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री कौशल किशोर)**

(क) और (ख): आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) शहरी 2.0 के तहत दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में तीन डंपसाइटों के उपचार के लिए दिल्ली सरकार से प्राप्त 776 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। एसबीएम-यू 2.0 परिचालन दिशानिर्देशों के अनुसार 621 करोड़ रुपये अर्थात 776 करोड़ रुपये का 80% केंद्रीय सहायता और 155 करोड़ रुपये का बराबर हिस्सा अर्थात् कुल स्वीकृत परियोजना लागत का 20%, दिल्ली सरकार द्वारा प्रदान किया जाएगा। 28 मार्च, 2022 को पहली किस्त के रूप में 174 करोड़ रुपये पहले ही जारी किए जा चुके हैं।

(ग) और (घ): विभिन्न शहरों में किए गए डंपसाइट उपचार के सर्वोत्तम कार्यों को संकलित करने का कार्य एक तीसरे पक्ष को सौंपा गया है। इस संकलन में उपचार के विभिन्न पहलुओं जैसे मात्रा की माप, निविदा और उपचार प्रक्रिया, निगरानी तंत्र आदि को शामिल किया जाएगा। सर्वोत्तम कार्यों का यह संकलन रेडी रेकनर के रूप में कार्य करेगा और शहरों में डंपसाइट उपचार करते समय ऐसे कार्यों को अपनाने के लिए शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) को बेहतर समझ प्रदान करेगा।

(ङ) और (च): एमसीडी द्वारा रिपोर्ट की गई प्रगति और योजनाएं इस प्रकार हैं:

(आंकड़े लाख मीट्रिक टन में)

| लैंडफिल साइट | पुराने अपशिष्ट | उपचारित पुराने अपशिष्ट | अभ्युक्तियां |
|---|---|---|---|
| भलस्वा | 80 (लगभग) | 25.00 | जारी है।<br>20 एकड़ क्षेत्र से कचरा हटाया गया |
| ओखला | 60 (लगभग) | 18.50 | जारी है।<br>15 एकड़ क्षेत्र से कचरा हटाया गया |
| गाजीपुर | 140 (लगभग) | 11.25 | जारी है। |

*****